प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक 24.09.2024 को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

1. अवैध तमंचा व कारतूस के साथ 01 आरोपी गिरफ्तार थाना छजलैटः-

अवगत कराना है वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध /अपराधियों व अवैध शस्त्र निर्माण /तस्करी एंव अवैध शस्त्र धारको पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने तथा संलिप्त अपराधीयो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 24.09.2024 को उ0नि0 वीरेन्द्र सिंह थाना छजलैट जनपद मुरादाबाद द्वारा मय हमराही पुलिस बल के अभियुक्त विकास पुत्र संजीव कुमार निवासी ग्राम किशनपुर थाना छजलैट जनपद मुरादाबाद को अवैध एक तमंचा व 01 कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध थाना छजलैट पर मु0अ0सं0- 204/2024 धारा 3/25 आर्म एक्ट पंजीकृत किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

2. नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोपी गिरफ्तार,थाना ठाकुरद्वाराः-

अवगत कराना है दिनांक 11.09.2024 को वादिनी निवासिनी थाना ठाकुरद्वारा क्षेत्रांतर्गत ने अभियुक्त द्वारा वादी की पुत्री को बहला-फुसालकर भगा ले जाने व फोन पर गाली गलौच के संबंध में तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना ठाकुरद्वारा पर मु0अ0सं0- 401/2024 धारा-137(2)/352 पंजीकृत किया गया। उक्त संबंध में साक्ष्य संकलन/विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में लड़की को सकुशल बरामद करते हुये तथा बयानो के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा-65(1) BNS व 4(2) पोक्सो एक्ट की वृद्धि की गयी तथा आज दिनांक 24-09-2024 को उ0नि0 किरन्त पवांर थाना ठाकुरद्वारा के द्वारा मय हमराही पुलिसबल के आरोपी लक्की पुत्र श्यामलाल निवासी ग्राम मवलगांव थाना सल्ट जिला अल्मोड़ा उत्तराखण्ड को गिरफ्तार किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

3. नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार, थाना कटघरः-

अवगत कराना है दिनांक 23.09.2024 को वादी निवासी थाना कटघर क्षेत्रांतर्गत ने अभियुक्त द्वारा वादी की पुत्री वादी की पुत्री के साथ बार बार गलत काम करना (दुष्कर्म) करने के संबंध में तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना कटघर पर मु0अ0सं0- 540/2024 धारा-64(2)(m) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस – 2023) व 5(I)/6 पोक्सो एक्ट व 3(2)V SC/ST पंजीकृत किया गया। उक्त संबंध में साक्ष्य संकलन/विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 24-09-2024 को उ0नि0 योगेश कुमार थाना कटघर के द्वारा मय हमराही पुलिसबल के आरोपी साजिद पुत्र नबी बक्स निवासी फरीदनगर थाना ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद,हाल पता भोलानाथ कालोनी थाना कटघर जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

4. थाना कटघर पुलिस द्वारा 01 वारंटी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।:-

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध/अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण, वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 24.09.2024 को उ0नि0 योगेश कुमार मलिक थाना कटघर मय हमराही पुलिसबल द्वारा NBW/ वारंटी अभि0 फिरोज आलम पुत्र मौ0 जहूर अंसारी निवासी करुला जाहिद नगर थाना कटघर जनपद मुरादाबाद, मु0न0- 10023/16 अ0सं0- 1262/16 धारा- 3/5/8 सीएस एक्ट को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

5. थाना कटघर पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने के 03 आरोपीगण को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 24.09.2024 को **थाना कटघर** पुलिस द्वारा शान्ति भंग कर रहे आरोपी 1- अमन पुत्र देवराज निवासी अनुपम नगर देहरी थाना कटघर जनपद मुरादाबाद,2- गोलू जोशी पुत्र मुकेश जोशी निवासी गोविन्द नगर थाना कटघर जनपद मुरादाबाद,3- बिट्टू पुत्र राजाराम निवासी पीतलनगरी थाना कटघर जनपद मुरादाबाद को संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं परिशान्ति कायम रखने हेतु अन्तर्गत धारा-170/126/135 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।